## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 28.12.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – 2025 राष्ट्रीय सुरक्षा, खेलों और वैज्ञानिक नवाचार के क्षेत्र में भारत के लिए गौरवमयी उपलब्धियों का वर्ष रहा।
- आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– विज्ञान के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों, नवाचारों और प्रौद्योगिकी के विस्तार ने दुनिया को बहुत प्रभावित किया है।
- द्वीप पर्यटन महोत्सव के अंतर्गत मुख्य भूमि और द्वीपों के कलाकारों द्वारा द्वीप समूह के चौदह विभिन्न स्थलों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ की जा रही है।
- अंडमान निकोबार द्वीप समूह में अगले तीन दिनों तक भारी वर्षा होने की आशंका।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत ने इस वर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा, खेल और विज्ञान से लेकर विश्व के सबसे बड़े मंचों तक– हर जगह अपनी मजबूत छाप छोड़ी है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि 2025 ने हर भारतीय को गौरवान्वित करने वाले कई क्षण दिए। श्री मोदी ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' इस वर्ष हर भारतीय के लिए गर्व का प्रतीक बन गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर लोगों के उत्साह और जज्बे की प्रंशसा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि खेल के लिए भी वर्ष 2025 स्मरणीय रहा। श्री मोदी ने विश्व चैंपियनशिप में कई पदक जीतने वाले पैरा–एथलीटों की भी प्रंशसा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष विज्ञान सहित कई क्षेत्रों में भारत ने कई उपलब्धियां हासिल की।

श्री मोदी ने आशा व्यक्त की कि वर्ष 2026 विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगा। उन्होंने सभी को वर्ष 2026 की शुभकामनाएं दीं।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया बड़ी आशा के साथ भारत की ओर देख रही है और इसका सबसे बड़ा कारण युवा शक्ति है। उन्होंने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों, नवाचारों और

प्रौद्योगिकी के विस्तार ने दुनिया को बहुत प्रभावित किया है। प्रधानमंत्री ने बताया कि 'विकसित भारत युवा नेता संवाद' का दूसरा संस्करण शीघ्र ही आयोजित किया जाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने नई पीढ़ी की नई सोच और नए तरीकों के साथ भारतीय संस्कृति की जड़ों से जुड़ने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने बेंगलुरू के भारतीय विज्ञान संस्थान का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां की छोटी–सी संगीत कक्षा अब 'गीतांजलि' में परिवर्तित हो गई है।

<><><><><><><>

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारतीय चिकित्सा संघ– आईएमए ने चिकित्सा के क्षेत्र में बहुत अधिक योगदान किया है। आज अहमदाबाद में संघ के कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना से देश में बडा बदलाव आया है। उन्होंने यह भी कहा कि कोरोना काल में, डॉक्टरों ने रोगियों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी।

<><><><><><><>

पाँच दिवसीय द्वीप पर्यटन महोत्सव के अंतर्गत निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यभूमि और द्वीपों के कलाकारों द्वारा 14 विभिन्न स्थलों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ की जा रही हैं। कार निकोबार में आयोजित कार्यक्रम का उद्‌घाटन कल मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक राहुल एल. नायर ने बिग लपाती के चिल्ड्रन्स पार्क में किया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त मुख्यालय डॉ. नवीन कुमार भी उपस्थित थे। एस ज़ेड सी सी के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत 'मयूरनृत्यम' कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा।

<><><><><><><>

केंद्र सरकार ने देश की घरेलू जहाज निर्माण क्षमता को सुदृढ़ करने और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के उद्देश्य से दो प्रमुख योजनाओं—जहाज निर्माण वित्तीय सहायता योजना तथा जहाज निर्माण विकास योजना— के परिचालन दिशा–निर्देश अधिसूचित कर दिए हैं। इन योजनाओं से भारत के जहाज निर्माण क्षेत्र को नई गति मिलने की उम्मीद है। केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री श्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि इससे बड़े पैमाने पर निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा, विश्वस्तरीय अवसंरचना विकसित होगी और भारत विकसित भारत तथा आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की दिशा में एक सशक्त समुद्री राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ेगा। मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जहाज निर्माण क्षेत्र को निर्णायक नीतिगत समर्थन मिला है। दोनों योजनाएं इकतीस मार्च दो हजार छत्तीस तक प्रभावी रहेंगी।

<><><><><><><>

केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने भारत को बदलने के लिए परमाणु ऊर्जा का सतत दोहन और विकास–शांति विधेयक को नरेंद्र मोदी सरकार के सबसे बड़े विज्ञान सुधारों में से एक बताया है। आज नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में श्री सिंह ने कहा कि वर्ष 2014 में भारत की परमाणु ऊर्जा क्षमता लगभग 4 दशमलव 4 गीगावाट से बढ़कर आज लगभग 8 दशमलव 7 गीगावाट हो गई है। उन्होंने कहा कि शांति विधेयक भारत के परमाणु क्षेत्र में एक ऐतिहासिक सुधार है, जो सुरक्षा, संप्रभुता और जनहित के मानकों को बरकरार रखते हुए शांतिपूर्ण, स्वच्छ और सतत ऊर्जा के लिए इसकी क्षमता को सामने रखता है। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में विज्ञान, नवाचार और उद्यमिता वाले साहसिक, संरचनात्मक सुधारों पर जोर दिया गया है। उभरती कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम और डेटा–आधारित अर्थव्यवस्था की मांगों पर उन्होंने कहा कि परमाणु ऊर्जा निरंतर, विश्वसनीय बिजली आपूर्ति के लिए अपरिहार्य है।

<><><><><><><>

कृषि विभाग, रंगत द्वारा यू टी ए टी एम ए के सहयोग से पिछले दिनों चित्रकूट स्थित नारियल बागान में किसानों के लिए 'मधुमक्खी पालन व कॉलोनी स्थानांतरण, बी–बॉक्स प्रबंधन, शहद निष्कर्षण एवं विपणन' विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में कृषि सहायक धन लक्ष्मी के. ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और मधुमक्खी पालन, उसकी संभावनाओं, कॉलोनी वृद्धि तकनीकों एवं शहद निष्कर्षण पर प्रकाश डाला। तकनीकी सत्र में कृषि क्षेत्र सहायक सी. संतोष कुमार ने मधुमक्खी कॉलोनियों की समझ, उनके संचार, बी–हाइव की स्थापना एवं प्रबंधन की जानकारी दी। कृषि क्षेत्र सहायक जोगेश्वर राम एवं मनीषा पाठक ने समग्र मधुमक्खी प्रबंधन एवं विपणन पर चर्चा की। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 20 किसानों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

द्वीप समूह में कुछ क्षेत्रों में वर्षा हुई। मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि आज से इकतीस दिसम्बर तक द्वीप समूह के एक–दो स्थानों पर तेज हवाओं के साथ हल्की सी मध्यम वर्षा होने और बिजली कड़कने की आशंका है। मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>